Publication – Zed News	Page No. 02
Edition – Delhi	Date – 02.12.2020

प्रवाह और कॉमम्यूटिनी यूथ कलेक्टीव की अशरफ़ पटेल ने जीता द सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द इयर (एसईओवाई) अवार्ड इंडिया 2020

संवाददाता (दिल्ली)- वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के एक सहयोगी संगठन द श्वाब फाउंडेशन फॉर सोशल एंटरप्रेन्योरशिप और जुबिलैन्ट भरतिया समूह के जुबिलैन्ट भरतिया फाउंडेशन ने आज प्रवाह और कॉमम्यूटिनी यूथ कलेक्टीव की अशरफ़ पटेल को संयुक्त तौर पर द सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द इयर (एसईओवाई) अवार्ड इंडिया 2020 का विजेता घोषित किया। इस सम्मान को एक वर्चुअल समारोह में पूरी दुनिया से विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में श्रीमती स्मृति जुबिन इरानी, माननीय महिला और बाल विकास एवं वस्त्र मंत्री, भारत सरकार के हाथों प्रदान किया गया।

विजेता को बधाई देते हुए और एसईओवाई अवार्ड इंडिया 2020 के अंतिम दौर में पहुंचे प्रतिभागियों की सराहना करते हुए श्रीमती स्मृति जुबिन इरानी, माननीय महिला और बाल विकास एवं वस्त्र मंत्री, भारत सरकार ने कहा, ''मैं सामाजिक उद्यमियों को मनाने में श्वाब फाउंडेशन और जुबिलैन्ट भरतिया फाउंडेशन के योगदान को स्वीकार करती हूँ और इसकी सराहना करती हूँ। मैं उन सभी सामाजिक उद्यमियों को बधाई देना चाहती हूँ, जिन्हें इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए सम्मानित जूरी द्वारा विचार किया गया है।

यह पुरस्कार आज हमारे देश के बाकी हिस्सों को उजागर करता है, कि करुणा न केवल सबसे प्रिय है, बल्कि समान रूप से एक लाभदायक व्यवसाय कौशल भी है। जो लोग इस मंच पर आए हैं वे डिजिटल इंडिया के चैंपियन हैं।''

एसईओवाई अवार्ड इंडिया 2020 विजेता - अशरफ़ पटेल भारत में एक पीढ़ी के प्रति सहानुभूति, संवेदनशील युवा परिवर्तकों के विकास के माध्यम से क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही हैं। वे ऐसा मनो-सामाजिक हस्तक्षेपों के माध्यम से कर रही हैं, और उन्हें अधिक समावेशी पहचान और समाजों को बनाने में मदद कर रहे हैं।

11वें वर्ष को मनाते हुए, एसईओवाई अवार्ड इंडिया ने खुद को भारत में सामाजिक उद्यमियों के लिए एक सबसे प्रतिष्ठित और आकर्षक सम्मानों में तौर पर स्थापित किया है।

यह सम्मान उन उद्यमियों को मान्यता देता है जो भारत की सामाजिक समस्याओं को हल करने के लिए अभिनव, टिकाऊ और मापनयोग्य समाधानों को कार्यान्वित करते हैं। साल 2010 में द श्वाब फाउंडेशन फॉर सोशल एंटरप्रेन्योरशिप तथा जुबिलैन्ट भरतिया फाउंडेशन, सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर (एसईओवाई) इंडिया अवार्ड के माध्यम से भारत में सामाजिक नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक साथ आए।

एसईओवाई अवार्ड - इंडिया 2020 को इस साल 23 शहरों से आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से विविध नवाचार शामिल थे जैसे क्लीन टेक्नोलॉजी, मीडिया कम्यूनिकेशन, युवा विकास, निःशक्तता, ऊर्जा, उद्यम विकास, श्रम दशाएं, माइक्रो फाइनैंस, स्वास्थ्य और पोषण, पोषणीय एवं टिकाऊ कृषि तथा जल एवं स्वच्छता आदि।

इस साल के ज्यूरी सदस्यों में शामिल थे, शोभना भारतीय, अध्यक्ष एवं संपादकीय निदेशक, एचटी मीडिया लिमिटेड; हिल्डे श्वाब, अध्यक्ष एवं संह-संस्थापक द श्वाब फाउंडेशन फॉर सोशल एंटरप्रेन्योरशिप; सुधा पिल्लई, बोर्ड सदस्य, जुबिलैन्ट लाइफ साइन्सेस लिमिटेड और पूर्व सदस्य सचिव, योजना आयोग, भारत सरकार; उदय कोटक, अध्यक्ष, सीआईआई एवं कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कोटक महिन्द्रा बैंक; राकेश मोहन, अध्यक्ष एवं अतिविशिष्ट अध्येता, सेंटर फॉर सोशल एंड इकोनॉमिक प्रोग्रेस; रोहिणी निलेकणी, अध्यक्ष, अर्घयम फाउंडेशन; पी आर गणपथी, क्षेत्रीय निदेशक, स्टैनफोर्ड सीड, इंडिया और दिपेश सुतारिया, सह-संस्थापक - एनेबल इंडिया, एसईओवाई 2019 विजेता।